तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 मार्च 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




गर्मी बढ़ते ही सड़क किनारे नारियल पानी के ठेले लगने लगे हैं। लोग गर्मी से राहत के लिए बड़ी संख्या में नारियल पानी का इस्तेमाल करते हैं।

## माल भाड़े से 22 हजार करोड़ का राजस्व, इसके बाद चार सालों में करीब 70 हजार ट्रेनें रद्द, रेलवे ने हाईकोर्ट में कहा- बड़े प्रोजेक्ट पर हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दूसरी, तीसरी लाइन बनाई जा रही इसलिए अभी परेशानी, जल्द सुधरेगी व्यवस्था
- यात्री ट्रेनों के लगातार रदद् होने के मामले में अगली सुनवाई एक अप्रैल को

यात्री ट्रेनों के लगातार रद्द होने के मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। इस बीच हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए एक बार फिर कहा है कि जब मालगाड़ियों को चलाया जा रहा है तो यात्री ट्रेन ही क्यों रद्द की जा रही हैं। कोर्ट ने केंद्र शासन और रेलवे बोर्ड को इस बारे में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने हाईकोर्ट में कहा है कि दूसरी, तीसरी लाइन बनाने के साथ ही कुछ बड़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है इसलिए अभी परेशानी है। इसके साथ ही रेलवे की ओर से कहा गया है कि लंबी दूरी की ट्रेनें कैंसिल नहीं की जा रही है, लोकल और कुछ पैसेंजर ट्रेनों पर जरूर असर पड़ा है। दूसरी ओर आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले चार सालों में 70 हजार के करीब ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें 2020 में 32,757 ट्रेनें, वर्ष 2021 में 32,151 ट्रेनें, वर्ष 2022 में 2,474 ट्रेनें और वर्ष 2023 में 2,271 ट्रेनें निरस्त की गई।

यात्री ट्रेनों के लगातार रद्द होने पर यात्रियों को हो रही परेशानी पर कमल कुमार दुबे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में यात्री गाड़ियां लगातार रद्द की जा रहीं हैं। यात्रियों को अचानक ही पता चलता है कि एक्सप्रेस या पैसेंजर ट्रेन नहीं चलेगी। कई बार तो रिजर्वेशन कराने के बाद यात्रियों को यात्रा रद्द करनी पड़ती है। जरूरी कार्य होने पर मुश्किल हो जाती है। दूसरी ओर माल गाड़ियां उसी रूट पर लगातार चलाई जा रहीं हैं। चीफ जस्टिस और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद इसे गंभीरता से लिया है।




### सबसे ज्यादा कमाई, लेकिन उपेक्षा

कांग्रेस भी इस मामले में लगातार आरोप लगा रही है। कांग्रेस के मुताबिक बिलासपुर रेलवे जोन से केवल माल भाड़े से केंद्र सरकार को 22,000 करोड़ रुपए हर साल का राजस्व मिलता है। रेलवे मालाभाड़ा से 2020 की तुलना में 2021-22 में 38 प्रतिशत से अधिक वृद्धि बिलासपुर जोन से हुई है, लेकिन जब सुविधा देने की जब बारी आ रही है तो विगत नौ साल से छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिली है। मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है, इसलिए कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है।

### एक महीने में ही 34 ट्रेनें रद्द

याचिका के अनुसार बिलासपुर जोन में आने के बाद ही ट्रेनें विलंब हो रही हैं। हावड़ा- मुंबई और कटनी सेक्शन सभी दिशाओं की ओर चलने वाली गाड़ियां बाकी स्टेशनों में समय से छूट रही है। लेकिन, बिलासपुर जोन के सीमाओं में प्रवेश करने के साथ ही यात्री ट्रेनों को रोकने का सिलसिला शुरू हो जाता है और ट्रेनें लेट होने लगती है। दूसरे जोन के स्टेशनों में यह स्थिति नहीं है और समय पर गाड़ियां चल रही है। इसके साथ ही पिछले करीब एक महीने में ही रेलवे ने 34 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं तो कुछ के मार्ग परिवर्तन किए गए हैं। वैसे हर माह औसतन 8- 10 दिन यात्री ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं, इनमें पैसेंजर, एक्सप्रेस दोनों ही शामिल हैं। लोकल ट्रेनों का भी यही हाल है। इसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, साउथ, एमपी, यूपी हर तरफ जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। याचिका के अनुसार रेलवे प्रशासन को ट्रेनों के सही तरीके से परिचालन में कोई रूचि ही नहीं है। वहीं, सिर्फ माललदान और मालगाड़ियों की चिंता रहती है। मालगाड़ियों के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी खड़ी कर दी जाती है, जिसके चलते यात्री ट्रेनें लेट हो रही है।

## खबर संक्षेप

### बढ़ने लगी गर्मी, पारा 38.8 डिग्री पर पहुंचा

**बिलासपुर।** द्रोणिका का असर समाप्त होने के बाद अब तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। शुक्रवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री रहा जो सामान से 1 डिग्री अधिक था। इसी तरह न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री पहुंच गया जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ। ऐसे में दिन के साथ ही अब रात में भी उमस और गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। गर्मी के कारण लोगों के घरों के एसी और कूलर चालू हो गए हैं। दिन में घर से बाहर निकलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### असगर टूर्नामेंट का फाइनल आज

**बिलासपुर।** असगर अली अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में 11 मार्च से किया जा रहा है। इसका फाइनल मुकाबला 30 मार्च शनिवार को चैंपियन इलेवन विरुद्ध कुंबली पाटन के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला शाम 7.30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष निखिल खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 2 लाख 11 हजार नकद व ट्राफी व उप विजेता टीम को 1 लाख 11 हजार नकद एवं ट्राफी दी जाएगी। इसके अलावा मैन आफ दी सीरिज खिलाड़ी को 25 हजार नकद एवं ट्राफी दी जाएगी। असगर क्रीड़ा समिति के शेख मोइनुद्दीन ने बताया कि इससे पहले इस टूर्नामेंट में बिलासपुर, रायपुर के अलावा आकोला, नागपुर, महाराष्ट्र, रायगढ़, रांची झारखंड, दुर्ग पाटन सहित कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 30 मार्च शनिवार को खेला जाएगा।

### फैंसी नंबर प्लेट पर पुलिस की कार्रवाई, 34 गाड़ी जब्त

**बिलासपुर।** वाहनों में नियम विरूद्ध स्टाइलिश व फैंसी नंबर प्लेट लगाकर फराटे भरने वाले वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कारवाई की है। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने फैंसी नंबर प्लेट वाले 34 वाहन को जब्त कर ट्रैफिक थाना भी लाया गया। यहां रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवा कर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। ट्रैफिक एएसपी नीरज चंद्राकर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं अपराध में लिफ्ट वाहनों के नंबर आसानी से पढ़ने में नहीं आते, साथ ही साथ ऐसे नंबर प्लेट मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के अनुरूप नहीं होने से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चालान भी भेजा जा रहा है।

### फदहाखार व कृष्ण कुंज का डीएफओ ने किया दौरा



**बिलासपुर।** जिले में नवनियुक्त डीएफओ और एसडीओ ने जिले के वन क्षेत्रों का दौरा किया है। शुक्रवार को डीएफओ सत्यदेव शर्मा, एसडीओ प्रशिक्षु आईएफएस अनुभव शर्मा और रेंजर पल्ल्व नायक के साथ ही अन्य वन अधिकारियो ने नगर वन फदहाखार और मोपका स्थित कृष्ण कुंज का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने नगर वन के शेष कामों को जल्द से जल्द निबटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों की टीम खोंदरा, सोंठी, सीपत, बेलतरा का सघन दौरा किया। डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने अधिकारियों से कहा है कि गर्मी के दिनों में वनों में खास तौर पर मॉनिटरिंग की जानी चाहिए, अग्नि सुरक्षा को लेकर गश्त बढ़ाने की बात कही। वहीं शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### जर्जर हो चुकी थीं दुकानें, अवैध तरीके से किया जा रहा था व्यापार




पुराना बस स्टैंड एरिया में अनिल कबाड़ी की दुकानों को नगर निगम ने बुलडोजर से जमींदोज कर दिया।

#### हमेशा विवादित रही कबाड़ी की दुकान

पुराना बस स्टैंड पर संचालित कबाड़ी दुकान काफी विवादित रही है। नगर निगम द्वारा पहले भी कई बार इस कबाड़ी दुकान को बस स्टैंड चौक के पास से हटवाने का प्रयास किया जाता रहा है। कई बार कबाड़ी दुकान में कार्रवाई भी की गई थी। इस बार निगम द्वारा कार्रवाई कर जिस जगह कबाड़ी दुकान चल रही थी, वहां लगे तंबू को भी हटवा दिया गया और जर्जर दुकानों को तोड़कर पूरी जगह साफ कर दी गई है।

## नगर निगम ने कबाड़ी के खिलाफ छेड़ा अभियान, 3 दुकानों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की अतिक्रमण शाखा टीम ने शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड एरिया में अनिल कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कबाड़ की जब्ती की, वहीं दुकान से लगी निगम की तीन दुकानों को जेसीबी से ढहा दिया गया। ये दुकानें जर्जर हो गई थीं और इनके आसपास अवैध तरीके से कबाड़ की खरीदी बिक्री का व्यापार किया जा रहा था।

नगर निगम द्वारा पुराना बस स्टैंड एरिया में पहले भी कई बार इस कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। कबाड़ी दुकान को सील भी किया गया था। कुछ दिनों पहले भी सड़क पर कबाड़ फैलाकर रखने के कारण कार्रवाई करते हुए सामान की जब्ती की गई थी, लेकिन उसके बाद भी पुराना बस स्टैंड में कबाड़ फैलाकर रखा जा रहा था। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर आज निगम की भवन शाखा व अतिक्रमण शाखा की टीम पुराना बस स्टैंड कार्रवाई करने पहुंची। यहां पर अवैध रूप से चल रही कबाड़ दुकान को हटवाया गया और फैलाकर रखे गए कबाड़ की जब्ती की गई। कबाड़ी दुकान से लगी हुई नगर निगम की तीन पुरानी दुकानें थीं, जो काफी जर्जर हो चुकी थीं और उससे जनहानि का अंदेशा था, इसलिए नगर निगम की टीम द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से इन तीनों दुकानों को आज ढहा दिया गया। ये तीनों अपूर्ण दुकानें थीं, जिनके आसपास अवैध रूप से कबाड़ समेत अन्य प्रकार के व्यापार संचालित किए जा रहे थे।



तोड़फोड की कार्रवाई कराते निगम के कर्मचारी।

#### तोड़ी गई हैं दुकानें

पुराना बस स्टैंड के पास नगर निगम की पुरानी दुकानें थीं, जो जर्जर हो गई थीं और वहां पर अवैध रूप से कबाड़ी दुकान चला रहा था। पहले भी नगर निगम द्वारा कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई कर दुकान सील की गई थी। आज कार्रवाई करते हुए कबाड़ हटवाया गया है और पुरानी दुकानों को तोड़ दिया गया है।

- **प्रमिल शर्मा** प्रभारी अतिक्रमण शाखा ननि

## सिम्स: चोरों ने काटा तार 40 में से 32 एसी बंद



सिम्स के आईसीयू में लगे ये सभी एसी फिलहाल काम नहीं कर रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए के बजट से मरीजों के लिए वार्ड और आईसीयू में एसी लगाय गया है, लेकिन चोरों ने तांबे का तार और केबल काट लिया है, जिसके बाद से सिम्स के 40 में से 32 एसी बंद हो गए हैं। यह हाल तब है जब पारा 38 डिग्री जा चुका है। ऐसे में वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल बेहाल हो रहा है, वहीं प्रबंधन एसी और कूलर ठीक कराने की बात कह रहा है।

सिम्स में चोरों का आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है, गार्ड की संख्या बढ़ाने के बावजूद लगातार चोरी हो रही है, जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सिम्स के चौथे और तीसरे फ्लोर में बने वार्ड के लिए एसी लगाए गए हैं, इसके साथ ही ग्राउंड फ्लोर की पुरानी बिल्डिंग में भी कई वार्ड में एसी लगाया गया है, लेकिन वार्ड में एसी काम नहीं कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि कुछ माह पहले चोरों ने एक-एक कर एसी के कॉपर तार पार कर दिया है। बताया जा रहा है कि कॉपर का अच्छी खासी कीमत मिलने के कारण चोर लगातार चोरी करते हैं। इन वार्ड में सीसीटीवी कैमरा भी है, लेकिन आज तक किसी भी चोरों को पकड़ा नहीं गया है। वही जानकारों का कहना है कि इन चोरियों में सिम्स के स्टाफ का हाथ है, और हर बार मामला रफादफा कर दिया जा रहा है। वहीं प्रबंधन ने हाल ही में गार्डों की संख्या भी बढ़ाई है, लेकिन इसके बावजूद चोरी रोकने में प्रबंधन फेल हो चुका है।

#### आईसीयू व वार्ड में उबल रहे मरीज

- सिम्स में गर्मी की तैयारी फीकी
- कूलर और एसी का मेंटनेंस नहीं

#### दो बार गार्ड ने पकड़ा दर्ज नहीं है मामला

रेडियोलॉजी विभाग में दिनदहाड़े चोरी करते हुए चोरों को पकड़ा गया, पुलिस को चोर सुपुर्द कर दिया गया है। लेकिन बाद में प्रबंधन की ओर से कोई शिकायत और एफआईआर दर्ज नहीं कराई जिसके चलते पुलिस को भी चोर को छोड़ना पड़ा, यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी एक कर्मचारी की तस्वीर पंखा चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, लेकिन तत्कालीन अधीक्षक ने महज माफीनामा लेकर मामले को रफादफा कर दिया है।

#### वार्ड के कूलर भी बिगड़े

तापमान 38 डिग्री के आसपास बना हुआ है, ऐसे में गर्मी से मरीजों का हाल बेहाल है, लेकिन प्रबंधन ने अबतक वार्डो में कूलर की व्यवस्था नहीं कराई है। स्टाफ का कहना है कि होली और अन्य छुट्टियों के चलते कारीगर नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते कूलर का मेंटनेंस नहीं हो सका है। ऐसे में मरीजों को अभी कुछ दिन और गर्मी से परेशान होना पड़ेगा।

#### मेंटनेंस चल रहा

एसी का मेंटनेंस चल रहा है, कितने खराब हैं, इसका आंकड़ा अभी मौजूद नहीं है। सभी वार्ड के एसी दुरुस्त करने के लिए कहा गया है, इस काम में थोड़ी देरी हो सकती है।

- **डॉ सुजीत नायक,** अधीक्षक, सिम्स

### अहाते से भरेगा खजाना : बस स्टैंड और वसुंधरा नगर की दुकान भी अधिक कीमत पर होगी नीलाम

## 19 लाख 85 हजार से शुरु होगी व्यापार विहार की चखना दुकान की बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चखना दुकानों के लिए होगा ठेका आवेदक का चरित्रवान होना आवश्यक, एसपी जारी करेंगे प्रमाण पत्र
- दगौरी चखना सेंटर की बेस प्राइज 19 लाख, सरकंडा में 14 लाख तो चांटीडीह में 13 लाख से होगी नीलामी

चखना सेंटर से कितनी कमाई होती होगी इसका अंदाजा आबकारी विभाग द्वारा नीलामी के लिए रखे गए ब्रेस प्राइज से लगाया जा सकता है। इसमें व्यापार विहार की चखना दुकान के लिए बोली सबसे अधिक कीमत वाली होगी। इस सेंटर की बोली ही 19 लाख 85 हजार से शुरू होगी। इसके साथ ही पुराना बस स्टैंड के लिए 17 लाख 24 हजार, वसुंधरा नगर के लिए 17 लाख 27 हजार और लिंगियाडीह की चखना सेंटर की नीलामी 15 लाख 18 हजार रुपए से शुरू होगी। यही नहीं दगौरी देशी मदिरा दुकान के चखना सेंटर के लिए नीलामी की बेस प्राइज 19 लाख रुपए है।

राज्य सरकार के आबकारी आयुक्त कार्यालय ने वर्ष 2024-25 के लिए देशी-विदेशी शराब की फुटकर दुकानों के पास बने अहातों को ऑनलाइन निविदा के माध्यम से नीलाम करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को कार्ययोजना भेजी गई है। अहातों की नीलामी 1 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए की जाएगी। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड टेंडर करेगी। इसमें लाइसेंस की राशि निर्धारित की जाएगी। जिसे भी टेंडर मिलेगा, उसे अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। खास बात है कि आवेदक के लिए जो शर्तें तय की गईं हैं उसमें उसका चरित्रवान होना आवश्यक है। इस आशय का शपथ पत्र और प्रमाण पत्र भी उसे लाइसेंस जारी होने के 60 दिन के भीतर प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र उस जिले के एसपी जारी करेंगे। बिलासपुर के 64 से अधिक देशी- विदेशी शराब दुकानों के लिए 8 से 22 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। यह आवेदन विभाग की वेबसाइट के अलावा राज्य सरकार की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक से भी भरा जा सकता है।



#### नाच-गान व हल्ला प्रतिबंधित रहेगा

अहाता लेने के लिए निविदा जमा करने वाले को 5 हजार रुपए प्रक्रिया शुल्क और 3 प्रतिशत के समतुल्य राशि आनलाइन जमा करना होगा। एक व्यक्त एक से अधिक अहातों के लिए आवेदन जमा कर सकता है। जो अहाता संचालित होगा उसके 100 मीटर के दायरे में खाद्य पदार्थों के ठेले, खोमचे प्रतिबंधित रहेंगे। यहां नाच-गान और हल्ला प्रतिबंधित रहेगा लेकिन मनोरंजन के लिए म्यूजिक की व्यवस्था की जा सकती है।

#### जोंधरा और सरकंडा दुकान भी महंगी

राज्य सरकार प्रदेश के सभी 33 जिलों की सभी शराब दुकानों के अहातों की नीलामी करने वाली है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में अनुमानित ड्यूटी राशि के आधार पर आरक्षित मूल्य का निर्धारण किया गया है। इस आधार पर हर अहाते की बोली लाखों रुपए में लगेगी। इस हिसाब से चांटीडीह विदेशी शराब दुकान के लिए 12 लाख 90 हजार, चांटीडीह देशी शराब दुकान के लिए 13 लाख 27 हजार, सरकंडा शराब दुकान चखना सेंटर के लिए 14 लाख 8 हजार और जोंधरा शराब दुकान के पास चखना सेंटर चलाने के लिए 19 लाख 15 हजार रुपए की बेस प्राइज रखी गई है।

#### 50 लाख से एक करोड़ तक पहुंचेगी बोली

आबकारी अधिकारियों के मुताबिक अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। अभी जो पालिसी बनाई जा रही है, उसके तहत बिलासपुर में चखना सेंटर के लिए 50 लाख से एक करोड़ रुपए अहाता चलाने वाले को देना होगा। दुकान की बिक्री जितनी होगी, उसके अनुसार प्रतिशत तय किया जाएगा। इसे 12 किश्तों में देना होगा। लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाएगा। अहाता पालिसी लागू होने के बाद शराब दुकान के 100-150 मीटर की परिधि में कोई दूसरा व्यक्ति चखना सेंटर नहीं खोल सकेगा।

#### बैठने और खाने की भी करनी होगी व्यवस्था

जिसे भी लाइसेंस दिया जाएगा, उसे बैठने से लेकर खाने-पीने की पूरी व्यवस्था करनी होगी। इसमें बारिश और ठंड को ध्यान रखकर सेटअप तैयार किया जाएगा। वहां एसी या कूलर लगाना होगा। दुकान के आसपास साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी अहाता संचालक की होगी।

#### की जाएगी नीलामी

वर्ष 2024-25 के लिए देशी-विदेशी शराब की फुटकर दुकानों के पास बने अहातों को ऑनलाइन निविदा के माध्यम से नीलामी की जाएगी। अहातों की नीलामी 1 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए होगी। बिलासपुर के 64 से अधिक देशी- विदेशी शराब दुकानों के लिए 8 से 22 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। यह आवेदन विभाग की वेबसाइट के अलावा राज्य सरकार की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक से भी भरा जा सकता है।

- **नितिन शुक्ला,** जिला आबकारी अधिकारी

**कोई नहीं कर रहा कार्रवाई** व्यापार विहार, राजीव गांधी चौक, सिटी कोतवाली, श्रीकांत वर्मा मार्ग, गौरव पथ, मंगला रोड जैसी व्यस्ततम सड़कों के डिवाइडर से लोहा हो रहा चोरी

# चोरों की चुनौती: दिनदहाड़े सबकी आंखों के सामने सड़कों के डिवाइडर से चुराकर ले जा रहे रेलिंग

**बिलासपुर।** नेशनल हाइवे से लेकर शहर के हर प्रमुख चौक चौराहों से डिवाइडर पर लगी रेलिंग चोरी हो रही है। शहर के व्यापार विहार, राजीव गांधी चौक, सिटी कोतवाली क्षेत्र, गौरव पथ और मंगला चौक की सड़कों पर डिवाइडर पर लगाए गए लोहे के रेलिंग को चोर अब अपना निशाना बना रहे हैं। जिन जगहों से ये रेलिंग के लोहे चोरी हुए हैं वे सभी मुख्य सड़क हैं, जहां दिन और रात लोगों की लगातार आवाजाही होती रहती है। इसके बावजूद चोर रेलिंग चोरी कर पुलिस और प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

■ दिन रात आवाजाही वाली सड़कों से हो रही चोरियां

**सकरी-तखतपुर फोरलेन को भी नहीं छोड़ा**





**टूटे रेलिंग से हादसों का डर:** डिवाइडर काटने के बाद चोर नुकीले टुकड़े छोड़ जाते हैं। इन टुकड़ों में वाहनों के टायर फटने और गंभीर हादसा होने का डर रहता है।

### हाइवे के रेलिंग भी नहीं बचे

सकरी-कानन पेंडारी सड़क पर नेशनल हाइवे के दोनों ओर मवेशियों को सड़क पर आने से रोकने के लिए कई किलोमीटर तक लोहे की रेलिंग लगाई गई थी। लेकिन यहां से सारे रेलिंग चोरी हो गए हैं।

**श्रीकांत वर्मा मार्ग का डिवाइडर भी पार**





**सुरक्षा के लिए लगे डिवाइडर ही चोरी:** व्यापार विहार रोड पर डिवाइडर पर लगे पौधों की सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाए गए थे जो खुद चोरी हो गए है।

### रात में नहीं हो रही पेट्रोलिंग

रात में पेट्रोलिंग भी नहीं के बराबर हो रही है। ऐसे में डिवाइडरों अलावा घरों, दुकानों पर भी चोरों का आतंक है। पुलिस पेट्रोलिंग के बजाए अब सीसीटीवी कैमरों पर ही निर्भर हो चुकी है। इसी वजह से चोरों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं।

**उसलापुर रोड पर डिवाइडर से लोहा चोरी**





**दिनभर आवाजाही फिर भी चोरी:** उसलापुर रोड पर डिवाइडर पर लगे रेलिंग चोर निकालकर ले गए। जबकि इस सड़क पर दिनभर आवाजाही होती है।

### प्लानिंग से कर रहे चोरी

चोर पहले रेलिंग को कमजोर करते हैं, फिर उखाड़ कर ले जाते हैं। पूरी प्लानिंग के बाद चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बावजूद न तो पुलिस कार्रवाई कर रही है और न ही एनएच और निगम के अफसर इसे लेकर गंभीर हैं।

---

## खबर संक्षेप

### श्रीचक्र महायज्ञ में शामिल होंगे आचार्य दिनेश, आज होंगे रवाना

**बिलासपुर।** ओम श्रीमठ चिलम्बी मैंगलोर में श्रीचक्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 31 मार्च को अभा संत सम्मेलन का कार्यक्रम भी होगा, जिसमें बिलासपुर पीतांबरा पीठ के आचार्य डॉ दिनेश महाराज सम्मिलित होने के लिए शनिवार 30 मार्च को वायु मार्ग से बेंगलुरु होते हुए मैंगलोर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि श्री चक्र महायज्ञ में अखिल भारतीय संत समिति के सभी प्रदेश अध्यक्ष और कर्नाटक के सभी सन्यासी सम्मिलित होंगे। इसमें सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक गण होम, रामतारक होम, रूद्र होम और मा चंडिका होम किया जाएगा। 31 मार्च को आखिल भारतीय संत समिति कर्नाटक प्रांतीय सम्मेलन का भी आयोजन होगा, जिसमें वर्तमान हिंदू समाज और सनातन धर्म के सामने आने वाली चुनौतियां से निपटने में मठ की क्या भागीदारी हो सकती है, इस पर चर्चा होगी। इस महायज्ञ में कई अन्य गंभीर विषयों पर भी चर्चा होगी। मैंगलोर के गोल्ड फिंच सिटी ग्राउंड, कुल्लुर में होने वाले आयोजन की भव्य तैयारी की गई है।

### विवेकानंद लाफ्टर क्लब के सदस्यों ने लगाए ठुमके, ठंडाई का लिया आनंद



**बिलासपुर।** विवेकानंद लाफ्टर क्लब द्वारा 26 मार्च को सिंधी धर्मशाला चटर्जी गली में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों ने भगवान राधा कृष्ण की पूजा-अर्चना कर इसका शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रीती और डा. रीता तिवारी, नलिनी वर्मा ने रंग बरसे गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों के मन को मोह लिया। इस दौरान सभी ने ठंडाई का आंनद लिया। भजन मंडली द्वारा सुंदर भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस अवसर परनालिनी वर्मा, डा रीता तिवारी गायत्री, शकुंतला देवांगन, साधना वर्मा, प्रीति केशरवानी एंव सभी विवेकानंद लाफ्टर क्लब के सदस्य शामिल थे। शानदार एयर कंडीशनर भवन का सहयोग के लिए महेश पमनानी का विशेष योगदान रहा। इसे सफल बनाने में मनसुख देवांगन और नालिनी वर्मा, गायत्री, डां सुदेश वर्मा, अनिरुद्ध मिश्रा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनकी रही उपस्थिति- लाफ्टर क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में क्लब के गिरधारी लाल अग्रवाल, नारायण आवटी, विजय वर्मा, महेश पमनानी, किशोरी साहू, अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष एमएल देवांगन, सचिव किशन लाल चतुर्वेदी, रंजना दीक्षित, नलिनी वर्मा, सविता देवांगन, अनिल काले, डा. सुदेश वर्मा, अंजनी काले, अनिरुद्ध मिश्रा, डा. राघवेन्द्र सिंह, आशा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता आदि मौजूद थीं।

### छग बंगला अकादमी ने नृत्य, नाटक की मनोरम प्रस्तुति दे खूब जमाया रंग



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बांग्ला अकादमी द्वारा 28 मार्च को बंगभवन टिकरापारा में होली मिलन समारोह व वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गीत, कविता, नृत्य, नाटक की मनोरम प्रस्तुति दी गई। होली मिलन के आयोजन में विश्व भारती, शान्ति निकेतन के तर्ज पर समूह गीत एवं नृत्य ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। जिसमें वसन्त ऋतु पर आधारित काव्य, सह काव्य पाठ डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी ने रखा। रूपा राहा, पार्थो प्रतिम भादुड़ी, असित बरण दास एवं आयुष प्रामाणिक की सशक्त कविता ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। बालिका आयुषी पालित, पूजा प्रामाणिक एवं नन्हा आयुष के नृत्य ने सबका मन मोह लिया। अकादेमी की सचिव नमिता घोष ने प्रबाल मुखर्जी के साथ संगठनात्मक गतिविधि एवं वार्षिक अधिवेशन तथा अकादेमी की कार्यकारिणी के पुनर्गठन की घोषणा की। गीतों की श्रृंखला में निहार मल्लिक, प्रबाल मुखर्जी, सौरभ चक्रबर्ति, अचिंत्य बोस, सौभिक दासगुप्ता, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, अमित चक्रबर्ति रहे। रीता राय, मल्लिका सरकार, नमिता घोष, मौमिता चक्रबर्ति, डॉ सोमा लाहिरी मल्लिक, रीता करमाकर, मौसूमी चक्रबर्ति, पियाली घटक, उमा दास, गोपा दासगुप्ता, लीना बनर्जी, अनुराधा मुखर्जी एवं सुइटी विश्वास रहे। आयुषी पालित के गायन ने खूब वाहवाही लूटी । डा. सोमनाथ मुखर्जी ने हास्यरस से ओतप्रोत लघुकथा की प्रस्तुति दी। असित बरन दास द्वारा रचित एवं निर्देशित लघु नाटक हीरे की अंगूठी का सफल मंचन किया गया। जिसमें प्रबाल मुखर्जी, पार्थो सारथी बोस एवं असित बरन दास ने अभिनय किया। जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन सौभिक दासगुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी ने किया।

---

ट्रेनों की नहीं मिल पा रही टिकट, लग रही लंबी कतार

# होली के बाद पलायन शुरू, ट्रेनों में भीड़ कन्फर्म टिकट के लिए यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली बाद अब एक बार फिर मजदूरों का पलायन शुरू हो चुका है। खेती किसानी का काम पूरा होने के बाद बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले कई परिवार रोजी-रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। गांवों में काम नहीं मिलने के कारण अब चार माह वहीं रहकर कमाने के लिए अब लोग निकल पड़े हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशन में भीड़ देखने को मिल रही है।

बिलासपुर से चलने वाली दिल्ली, मुंबाई जाने वाली ट्रेनों में सीट के लिए धक्कामुक्की शुरू हो गई। काउंटरों पर टिकट के लिए लंबी लाइन लग गई। लंबी दूरी की ट्रेनों के आरक्षित कोच पहले से ही फुल है। मई तक नियमित ट्रेनों का कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। वेटिंग टिकट के लिए मारामारी मची हुई है। तत्काल टिकट का भी अकाल पड़ा हुआ है। सुबह काउंटर खुलते ही सभी कन्फर्म टिकट बुक हो जा रहे हैं। एक काउंटर पर दो से तीन कन्फर्म टिकट ही बुक हो पा रहे। सभी आरक्षित टिकट दलालों के हाथ पहुंच रहे, जो मुंहमांगा दाम पर बिक्री कर रहे हैं। यद्यपि, रेलवे प्रशासन विभिन्न रूटों पर लगातार होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इसके बाद भी नियमित ट्रेनों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही।



होली खत्म होने के बाद वापस लौटने स्टेशन में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।



### तीन गुना अधिक मिलती है रोजी

रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार कर रहे मस्तूरी के विजय कुर्रे ने बताया कि गांव में खेती का काम खत्म हो गया है। होली मनाने के बाद अब दिल्ली में काम की तलाश में जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वहां रोजी 1200 से 1500 तक मिल जाती है। इसी तरह तखतपुर क्षेत्र के गणेश यादव ने बताया कि उनके पास खेती तो नहीं है, हर साल होली मनाकर कमाने के लिए दिल्ली, मुंबई के ओर चले जाते हैं। वहां छत्तीसगढ़ से अधिक रोजी मिलती है।

---

करियर पॉइंट वर्ल्ड स्कूल

# तीन स्टूडेंट्स इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करियर पाइंट वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए किया गया है। इन छात्रों को 10 हजार रुपए नकद राशि प्रोत्साहन के रूप में देकर सम्मानित किया गया।







विद्यालय समिति के प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला ने बताया कि करियर पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्र गुरवीर सिंह चावला कक्षा 9 वीं, वारि अग्रवाल कक्षा 9 वीं एवं मान्यता गुप्ता कक्षा 8 वीं का चयन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत इंस्पायर अवार्ड के तहत हुआ है। चयनित सभी बच्चों को 10 हज़ार नकद इनाम से सम्मानित किया गया। ये सम्मान वैज्ञानिक और अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून का प्रमाण है। श्री चावला ने बताया कि प्रबंधन एवं विद्यालय परिवार को उनकी उपलब्धि पर गर्व है। हम कामना करते हैं कि वे वैज्ञानिक उत्कृष्टता की खोज में निरंतर सफलता प्राप्त करते रहें। ये तीनों छात्र विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भी विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के निपुण शिक्षक सभी विद्यार्थियों को अपना मार्गदर्शन सतत रूप से देते रहते हैं। विद्यालय का वातावरण भी उच्च एवं विशिष्ट शिक्षा के अनुकूल है।

जीव विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान के सुसज्जित प्रयोगशालाओं में प्रयोग करके विद्यार्थी अपने ज्ञान को और अधिक विस्तार देते रहते हैं। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय समिति के प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला, निदेशक गुरमेहर सिंह चावला एवं अध्यक्ष डा. किरनपाल सिंह चावला, प्राचार्य डॉ रेखा पींचा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं।

उन्हें अपने वैज्ञानिक प्रयासों में और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

# नहाते वक्त मुंह में जा घुसी मछली सफल आपरेशन कर बचाई जान

**बिलासपुर।** तालाब में नहाना भी किसी के लिए जान जोखिम में डालना हो सकता है, यह वाकया जांजगीर के 13 वर्षीय बच्चे के साथ हुआ है। अकलतरा थाना क्षेत्र के करूमहू गांव के निवासी समीर गोड़ के मुंह में तालाब में नहाते समय 5 इंच की मछली जा फंसी, गले में फंसी मछली के कारण उसे सांस लेने में भी परेशानी होने लगी। परिजन उसे अस्पताल में उसे लेकर गए, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र के डाक्टरों ने मामला गंभीर होने पर रिफर कर दिया।



■ श्री गोविंद लाइफ केयर अस्पताल में कराई गई सर्जरी



परिजनों ने बच्चे की हालत को देखते हुए तोरवा स्थित श्री गोविंद लाइफ केयर अस्पताल में भर्ती कराया,अस्पताल के 3 डाक्टरों की टीम ने सफल आपरेशन कर बच्चे को नवजीवन प्रदान किया है।

मामला जांजगीर जिले के अकलतरा का है। जहां गांव करूमुहं के एक तालाब में नहाने के दौरान 13 वर्षीय समीर गोड़ के मुंह में मछली फंस गई। बच्चे ने इसकी जानकारी घर जाकर अपने परिजनों को दी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा के प्रयास के बाद भी मछली बाहर नहीं आ सकी और गले में फंस गई। डाक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर रिफर कर दिया, जहां परिजनों ने तोरवा स्थित श्री गोविंद लाइफ केयर हॉस्पिटल में बच्चे को भर्ती कराया। डाक्टरों की टीम ने बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए आपरेशन करने का फैसला किया।

आपरेशन के दौरान 25मिनट के कठिन संघर्ष के बीच बच्चे का सफल आपरेशन कर लिया गया। इस दौरान डॉ रामकृष्ण कश्यप, डॉ नेहा पांडेय और डॉ रोजवेल्ट साइमेंट की संयुक्त टीम ने किया बेहतर प्रबंधन के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया। उसे आईसीयू में भर्ती करया गया है।वर्तमान में बच्चे का स्वास्थ्य स्थिर है लेकिन वह संकट से पूरी तरह से बाहर आ चुका है।

### एलन इंस्टीट्यूट में करियर गाइडेंस के लिए निःशुल्क कार्यशाला कल

**बिलासपुर।** करियर गाइडेंस सेशन, एलेन इंस्टीट्यूट के फेकल्टी द्वारा रविवार 31 मार्च को शाम 4 बजे सीएमडी कॉलेज के पास लायन्स भवन में निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा 7वीं से 12वीं के उन विद्यार्थियों एवं पालकों के लिए जो इंजीनियरिंग के लिए आईआईटी की परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं या मेडिकल के लिए नीट की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए यह करियर गाइडेंस सेशन एलन द्वारा देश की अग्रणी संस्थान है। उनके वरिष्ठ शिक्षा विदो द्वारा यह निशुल्क सेशन रखा गया है। इस सत्र में पालकों एवं विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग व मेडिकल के क्षेत्र में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की कुल सीट्स परीक्षा का पैटर्न, मार्क्स के कटआफ व प्रवेश लेने वाले कुल स्टूडेंट्स इन सभी बातों की जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को किस तरह तैयारी करनी चाहिए और माता-पिता को बच्चों को तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने संबंधित जरूरी जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में एलेन इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शिक्षाविद देश में स्थित सभी एलेन इंस्टीट्यूट में छात्रों को लाभान्वित करने आयोजित किया जाता है। रविवार 31 मार्च को आयोजित यह गाइडेंस सेशन निश्चित तौर पर आईआईटी व नीट की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो कि निशुल्क होगी और पूर्व पंजीयन कराकर वे इसमें भाग ले सकते हैं।

■ एक्सपर्ट टीचर स्टूडेंट्स को करेंगे गाइड

### निगम कमिश्नर ने पाइप लाइन लीकेज देख लगाई फटकार

**बिलासपुर।** पानी संबंधी समस्या को लेकर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार अमृत मिशन के तकनीकी अमला सहित जल विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ शुक्रवार को शहर में निरीक्षण के लिए निकले। निगम कमिश्नर ने चांटापारा, दयालबंद, तोरवा और भारतीयनगर क्षेत्र का निरीक्षण किया और पाइप लाइन में लीकेज व मटमैला पानी की समस्या को लेकर अमृत मिशन के ठेकेदार को फटकार लगाई है। उन्होंने दो-तीन दिनों के भीतर सारे लीकेज ठीक करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम कमिश्नर सबसे पहले चांटापारा का निरीक्षण किया, जहां कोन्हेर गार्डन के पास अमृत मिशन का पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क को फिलिंग कर छोड़ दिया गया है। निगम कमिश्नर ने यहां पर फिलिंग वाली जगह को कांक्रीटीकरण कराने कहा है। वहां से दयालबंद क्षेत्र निरीक्षण करने पहुंचे, जहां पर अमृत मिशन पाइप लाइन में लीकेज का मामला सामने आया था। इसी तरह तोरवा मेन रोड में नर्सिंग होम के सामने पाइप लाइन में पिछले कई महीनों से लिकेज की वजह से सड़क के बीच में गड्ढा हो गया है। इस पर नाराजगी जाहिर करते होते हुए कमिश्नर ने तत्काल लीकेज को ठीक करने के निर्देश दिए।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

"शोक संदेश"



स्व. चन्द्र प्रभा बाजपेयी
समाज सेविका एवं पूर्व परामर्श दात्री (परिवार परामर्श केन्द्र)
अत्यंत दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माँ
स्व. चन्द्र प्रभा बाजपेयी पत्नि स्व. पं. गंगा प्रसाद बाजपेयी
अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा पूर्ण कर दिनांक 18 मार्च 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गयी हैं
दुख की इस घड़ी में आपकी उपस्थिति हमें संबल प्रदान करेगी।

तेरहवीं कार्यक्रम
चैत्र कृष्ण पंचमी दिन शनिवार दिनांक 30.03.2024,
गंगा पूजन एवं भोज - दोपहर 12 बजे से
स्थल - चन्द्र निवास, विकास नगर 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.)

श्रद्धावनत
श्रीमती अंजना - चन्द्र भूषण बाजपेयी (पुत्र)
श्रीमती शिखा - चन्द्र मोहन बाजपेयी
श्रीमती भावना - चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, अखिलेश
श्रीमती आभा - चन्द्र मौली बाजपेयी (पौत्र)
चन्द्र सौम्य बाजपेयी, चन्द्र पीयूष बाजपेयी
डॉ. उषा किरण - चन्द्र प्रकाश बाजपेयी
डॉ. रश्मि - चन्द्र शेखर बाजपेयी
श्रीमती अंजलि - डॉ. चन्द्र नाथ बाजपेयी
चन्द्र प्रताप बाजपेयी, चन्द्र भानू बाजपेयी (पौत्र)
कु.चन्द्र आर्या बाजपेयी (पौत्री)

शोक संदेश स्वीकार करें व पधारें

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 30 मार्च 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

2



छग बंग्ला अकादमी ने नृत्य, नाटक की मनोरम...

## रिजल्ट अपडेट

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जारी किए स्कोर कार्ड

बिलासपुर। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने ऑल इंडिया बार एग्जाम के 18वें संस्करण के परिणाम घोषित कर दिए हैं। काउंसिल द्वारा नतीजों की घोषणा मंगलवार, 26 मार्च 2024 को की गई। इसके साथ ही BCI ने इस परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राओं के स्कोर कार्ड भी जारी कर दिए हैं और इन्हें डाउनलोड करने के लिए लिंक को आधिकारिक परीक्षा पोर्टल पर एक्टिव कर दिया है। स्टूडेंट्स को अपना परिणाम देखने के लिए परीक्षा पोर्टल पर विजिट करना होगा। फिर होम पेज पर ही दिए गए परिणाम लिंक से स्टूडेंट्स रिजल्ट पेज पर जा सकते हैं।




### 10 दिसंबर को हुई थी परीक्षा

लॉग इन करने के बाद स्टूडेंट्स अपना परिणाम और स्कोर कार्ड स्क्रीन पर देख सकेंगे, जिसका प्रिंट लेने के बाद इसकी सॉफ्ट कॉपी भी स्टूडेंट्स को सेव कर लेनी चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने परीक्षा का आयोजन 10 दिसंबर 2023 को किया था। इसके बाद काउंसिल ने प्रोविजिनल आंसर-की 13 दिसंबर को जारी करते हुए स्टूडेंट्स से उनकी आपत्तियों को 20 दिसंबर तक आमंत्रित किया था।

## एजुकेशन अपडेट

# 9वीं से 12वीं कक्षा के सिलेबस अपलोड, वैकल्पिक विषय भी

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एकेडमिट ईयर 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं और 12वीं के लिए सिलेबस जारी कर दिया है। करिकुलम को सेकंडरी (कक्षा 9 और 10) और सीनियर सेकंडरी (कक्षा 11 और 12) कैटेगरी में बांटा गया है। स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सब्जेक्ट स्पेसिफिक सिलेबस चेक कर सकते हैं। कक्षा 10वीं के लिए सीबीएसई ने पांच कंपलसरी सब्जेक्ट और दो ऑप्शनल सब्जेक्ट तय किए हैं, जबकि कक्षा 12वीं के कोर्स में लैंग्वेज, ह्यूमैनिटीज, मैथ्स, साइंस, स्किल सब्जेक्ट, जनरल स्टडीज और हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन समेत सात कोर एरिया शामिल हैं।

### सीटेट के लिए आवेदन 2 अप्रैल तक

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजूकेशन की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए इन्फॉर्मेशन ब्रोशर डाउनलोड कर आवेदन प्रक्रिया 7 मार्च से शुरू कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस एग्जाम में शामिल होना चाहते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से सीबीएसई सीटीईटी की ऑफिशियल वेबसाइट **ctet.nic.in** पर जाकर एप्लिकेशन फॉर्म भर सकते हैं। अगर छात्रों को आवेदन करने में किसी भी प्रकार की समस्या हो रही हो तो वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

## एग्जाम अपडेट

# कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**बिलासपुर।** देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ-साथ भाग ले रहे राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में संचालित होने वाले स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में इस साल दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित किए जाने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-यूजी 2024 में सम्मिलित होने के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। एजेंसी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, इस परीक्षा के लिए पंजीकरण फॉर्म 31 मार्च, 2024 की रात 11.50 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।




### प्राप्त अंकों के आधार पर ही दाखिले

ऐसे में जिन इच्छुक छात्र-छात्राओं ने अभी तक पंजीकरण नहीं किया है, वे इस प्रवेश परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट, **cuetug.ntaonline.in** पर जाकर पहले पोर्टल रजिस्ट्रेशन करके और फिर पंजीकृत विवरणों से लॉग-इन करके **CUET UG** 2024 रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की समय-सीमा के भीतर ही निर्धारित परीक्षा शुल्क का भी भुगतान करना होगा।

## गुडफ्राइडे : शहर के विभिन्न चर्च में हुई विशेष आराधना, गीतों की दी गई प्रस्तुति

# यीशु की 7 वाणियों पर मसीहियों ने किया चिंतन

बिलासपुर। गुड फ्राइडे पर मानवता को पापों से मुक्त कराने को लेकर ईसा मसीह के योगदान को याद किया गया। लोगों ने प्रार्थना करते हुए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसमें मसीहियों द्वारा यीशु के मृत्यु पूर्व अंतिम क्षण में क्रूस पर कही गई सात वाणियों पर चिन्तन मनन किया गया। सात वक्ताओं द्वारा वाणियों पर प्रकाश डाला गया। चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक चर्च में सीनियर पास्टर सुदेश पाल समूह द्वारा गुडफ्राइडे की विशेष आराधना की गई। कार्यक्रम के संचालक राकेश पाल, बाईबल पढन रुबी कुमार, प्रार्थना में अगुवाई सुनीता मसीह मार्केट पाल अरुणा दास, मीनू सिंह, और मंजू निशा द्वारा की गई। सात वाणियों पर प्रीति वालेस मुकेश पाल, मार्गेट पाल, अमित बहादूर, पा. शामुएल वालेस, प्रवीण, जैसल और पास्टर सुदेश पाल ने प्रकाश डाला। इस दौरान सनी जॉन, अरविन्द कुमारे, राहुल जॉन, विल्सन जानमबीह, मनीष दास, विवेक पाल, बोल्डी कुमार, बाघ आदि का योगदान रहा।





### शोक दिवस के रूप पर मनाया जाता

गुड फ्राइडे को मसीहीजन शोक दिवस के तौर पर मनाते हैं। कहते हैं जब यहूदी शासकों ने ईसा मसीह को तमाम शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने के बाद शुक्रवार को ही सूली पर चढ़ाया गया था। चूंकि यीशु ने मानव जाति के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन कुर्बानी दी थी, इसलिए इस शुक्रवार को ईसाई धर्म के लोग 'गुड फ्राइ-डे' के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्च में अलग-अलग कार्यक्रम व आराधना हुई। इस दौरान मसीहियों ने यीशु की मृत्यु के पहले अंतिम समय में क्रूस पर से कहे गए सात वाणियों पर गहन मनन चिंतन किया गया।

### संडे को ईस्टर आराधना

रविवार को ईस्टर संडे की आराधना सुबह 7 बजे बपतिस्मा कार्यक्रम से प्रारम्भ होगी। इसके बाद 10 बजे पुनरुत्थान पर्व ईस्टर की आराधना प्रारम्भ होगी। इसके संचालक प्रवीण जैसल, और उपदेश पास्टर सुदेश पॉल द्वारा की जाएगी।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विवि का 20वां स्थापना दिवस समारोह

# लोकतंत्र तभी सफल होगा जब समाज शिक्षित होगा





बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय का 20वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मनाया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन में आयोजित किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सामान्यतः प्यासा कुएं के पास आता है लेकिन इसके ठीक विपरीत पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के ज्ञान का कुआं प्यासे के पास जाता है और वंचितों को शिक्षित कर मजबूत बनाता है। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सफल होगा जब समाज शिक्षित होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कुलपति प्रो. एल.पी. पटेरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की। स्वागत भाषण के रूप में अतिथियों का परिचय व स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कुलसचिव भुवन सिंह राज ने विश्वविद्यालय के विकास पथों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्य उच्च शिक्षा आपके द्वार के ध्येय को लेकर लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में जहां स्कूल कॉलेज भी नहीं है उन क्षेत्रों में भी शिक्षा की अलख जगाने का काम मुक्त विश्वविद्यालय कर रहा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रायगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एल. पी. पटेरिया ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय से उनका पुराना नाता है, वे प्रारंभ काल से ही इस विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं। अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे कुलपति बनने में पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है।

### शिक्षा हमें विचार व विवेकशील बनाती है

समारोह की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के संघर्ष और मेहनत का परिणाम है कि नेक ग्रेड - **A** प्लस प्राप्त हुआ है। शिक्षा के मूल उद्देश्य को बताते हुए कुलपति ने कहा कि सिर्फ डिग्री प्राप्त कर लेना ही शिक्षा नहीं है। शिक्षा हमें विचारशील व विवेकशील बनाती है।

### ये रहे मौजूद

इसके बाद विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता - 2024 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन विज्ञान संकाय के निदेशक प्रोफेसर बी. के. सोनी ने किया, वहीं मंच संचालन अनीता सिंह ने किया। स्थापना दिवस समारोह में पूर्व कार्यपरिषद सदस्य प्रफुल्ल शर्मा, पूर्व कुलसचिव राजकुमार सचदेव, हेमलता शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शोभित कुमार बाजपेई, परीक्षा नियंत्रक मनीष कुमार साव, फाइनेंस ऑफिसर जी. एस. जागृति समेत बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# इप्टा ने रंगमंच के लिए सामाजिक प्रतिबद्धता पर रखे विचार

**बिलासपुर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर 29 मार्च को इप्टा द्वारा रंगमंच और इप्टा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ रंगकर्मी मधुकर गोरख ने रंगमंच कैसा होना चाहिए और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए इस पर प्रकाश डाला। इप्टा के अध्यक्ष अरुण दाभड़कर ने वर्तमान में रंगमंच की चुनौतियां और उनका हमें कैसे सामना करना है? इस पर अपनी बात रखी। सचिन शर्मा ने इप्टा के गठन की परिस्थितियों का वर्णन करते हुए रंगमंच के लिए इप्टा की सामाजिक प्रतिबद्धता पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी में इप्टा बिलासपुर के कलाकार जितेंद्र पांडेय, मोबिन अहमद, दिनेश पांडेय, शत्रुघ्न धृतलहरे, राजेश वस्त्रकार और प्रशंसा शुक्ला ने भी अपनी बात लोगों के सामने रखा। इस दौरान उपस्थित कलाकारों ने रंगमंच के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकारों के साथ नवोदित कलाकार भी मौजूद थे।

## फिल्मी न्यूज

### हॉलीवुड

# वूल्वरिन की भूमिका दोहराने ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत

ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं।



### टॉलीवुड

# 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा

साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं।





## .खबर संक्षेप

### ग्राम लगरा में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन



**लगरा।** ग्राम लगरा के बजरंग चौक में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन विगत बारह वर्षों से किया जा रहा है। नवधा रामायण का 29 मार्च को कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। नौ दिन रामायण गायन वादन होगा। इस अवसर पर समस्त ग्रामीण आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए है। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा नौ दिन तक भंडारा की व्यवस्था की गई है।

### सरस्वती महिला मंडल ने फूलों की होली खेली



**लोरमी।** मां सरस्वती महिला मंडल के द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने फूलों और प्राकृतिक रंगों के साथ होली खेली। महिलाओं ने एक दूसरे को प्राकृतिक रंग लगाकर होली पर्व की बधाई दी। महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन कर भगवान गोपाल की पूजा अर्चना कर उनके साथ फूलों की होली खेली। होली को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। महिलाएं डीजे की धुन पर होली गीत गाकर थिरकते नजर आई। इस अवसर पर महिला मंडल ग्रुप की प्रमुख श्रीमती वृंदा सोनी, रोशनी तिवारी सुषमा शर्मा, माया सोनी, नीलम सोनी, कुंती सोनी, रोहणी सोनी, कमला सोनी, कल्पना सोनी, रानू सोनी, मेघा सोनी, नेहा सोनी, मीठी सोनी, तामेश्वेरी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी ।

### मानव श्रृंखला बनाकर 100 फीसदी मतदान करने किया जागरुक



**मस्तूरी।** ब्लाक के संकुल दर्रीघाट में स्थित शासकीय पूर्व माध्य शाला लावर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर 100 फीसद मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के द्वारा 100 फीसद मतदान के लिए शपथ लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन, बीआरसीसी भागवत साहू, संकुल प्राचार्य पार्थ सारथी भट्टाचार्य, संकुल समन्वयक सूरज कुमार क्षत्री, सर्किल पटवारी दिनेश कुमार साहू, संस्था प्रमुख श्यामा खांडे, सेवा निवृत्त शिक्षक द्वय राजकुमार मिश्रा, अमरनाथ साहू, प्रधान पाठक कन्या मस्तूरी सिसिलिया केरकेट्टा, प्रधान पाठक भोथीडीह सेलेस्टिना केरकेट्टा, सुरेंद्र कुमार नवनीत, सत्यकांत सिंह, प्रधान पाठक बालक लिमतरा किशोर कुमार शर्मा, जुहली के शिक्षक कमल मिश्रा, उमेश शर्मा, रविशंकर पांडे, ज्योति परमार, कविता भारद्वाज, शफकत हनीफ खान, किशोर शर्मा, सहदेव गेंदले, सभी रसोइया सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### मिर्गी की दवा लेने परिजन के साथ ग्राम रिस्दा पहुंचे मरीज



**मस्तूरी।** ग्राम रिस्दा में होली के दिन प्रदीप सिंह चंदेल के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी मिर्गी के मरीजों को निःशुल्क दवा दिया गया। ज्ञात हो कि अजय सिंह चंदेल के द्वारा यह दवा दिया जाता था। अब उनके निधन पश्चात पुत्र प्रदीप सिंह के द्वारा दवा दिया जाता है। इस परम्परा को बनाए रखने और मिर्गी मरीजों को सेवा देने के उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस पास सहित दूर दराज से पहुंचे मरीजों को होली के दिन प्रातः काल से ही दवा वितरण किया गया।

मसीहीजन ने मनाया गुड फ्राइडे

# यीशू ने दी अन्याय और अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सीएनआई चर्च में गुड फ्राइडे की आराधना कर प्रभु यीशु मसीह के क्रुसिफाई को याद किया गया। रेव्ह नवीन मसीह ने कहा कि बाइबल के अनुसार शुक्रवार को यीशु मसीह ने प्राण त्यागे थे। इसी की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। मृत्यु के तीन दिन बाद रविवार को यीशु मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। इस दिन को ईस्टर सण्डे कहते हैं । गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे भी कहते हैं।

ईसाई समाज में गुड फ्राइडे का खास स्थान है । इस दिन यीशु ने सलीब पर अपने प्राण त्यागे थे। निर्दोष होने के बावजूद जब उन्हें सलीब पर लटका कर मारने का दंड दिया गया तो उन्होंने सजा देने वालों को उलाहना नहीं दी। वे प्रार्थना करते हुए यह कहे कि हे ईश्वर इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। दो हजार वर्ष पूर्व यीशु मसीह को इसलिए मृत्युदंड दिया गया क्योंकि यीशु मसीह अन्याय और घोर विलासिता तथा अज्ञानता का अंधकार दूर करने लोगों को शिक्षा दे रहे थे। इस अवसर पर पास्टर बी दास, अलका मसीह, प्रवीण दयाल, जेआर पाल, अजय लूथर, एसके एंड्रुज, संजीत एथानियल, आनंद मसीह, प्रवीण दयाल, प्रदीप स्काट, हरेंद्र प्रसाद, एड्रियल जकाऊ, पी बेनेट, विपिन दयाल, शिप्रा सामुएल, मंजू जान, श्रुति प्रसाद, सिंधिया बेनेट, आराधना मसीह, निशी मसीह सहित अन्य उपस्थित रहे। सीएनआई चर्च शरन नगर, डिसाईपल्स चर्च मिशनकम्पाउण्ड , डिसाईपल्स चर्च बंगलापारा के मसीही जनों द्वारा गुड फ्राइडे मनाया गया।

### सात वाणियों पर किया गया मनन

**जरहागांव।** यीशु मसीह ईश्वर के इकलौते पुत्र के रूप इस धरती पर अवतरित हुए। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार ईश्वर ने उन्हें पृथ्वी से अज्ञानता और अंधकार को मिटाने के लिए भेजा था। वे संसार में ईश्वर की महिमा का बखान करते थे और लोगों को ज्ञान की बातें बताते थे। उस वक्त यहूदियों के कट्टरपंथी धर्मगुरुओं ने यीशु का पुरजोर तरीके से विरोध किया और रोमन गवर्नर पिलातुस से यीशु की शिकायत कर दी। रोमन साम्राज्य हमेशा इस बात से डरता था कि कहीं यहूदी क्रांति न कर दें। इसी के चलते यीशु को क्रूस चढ़ाने आदेश दे दिया। इस अवसर पर जगदलपुर से आए मुख्य वक्ता पास्टर रोहित पोय्याम ने बताया कि जिस समय यीशु मसीह को सूली पर लटकाया गया था, तब उनकी उम्र 33 साल और दिन शुक्रवार था। और समय 12 से 3 के बीच का माना जाता है। यही वजह है कि ज्यादातर चर्च में दोपहर 12 से 3 बजे तक प्रार्थना सभा और बाइबल में वचन को पढ़ा जाता है। आराधना के दौरान मुख्य ख्रिष्टीयान मंडली पेंड्रीडीह चर्च जरहागांव में मसीही समाज के मुख्य वक्ता पास्टर रोहित पोय्याम गया रेव्ह आर जॉन, आदर्श जॉन, सतीश रामा, शशिकांत लाल, निहाल मसीह, अंकित मसीह, वीके जॉन, इम्मानुएल दास, एपेत मसीह, महिला सभा जवानसभा, समस्त कलिसिया के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

■ ख्रिष्टीयान मंडली पेंड्रीडीह चर्च जरहागांव में हुई आराधना







कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अटल श्रीवास्तव।

## होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगहना

बेलगहना के कांग्रेस नेता संदीप शुक्ला के फार्म हाउस पर संदीप शुक्ला द्वारा आयोजित फाग महोत्सव होली मिलन कार्यक्रम में जमकर रंग और गुलाल उड़ाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव अपने साथियों सहित उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ी कलाकार शिव कुमार तिवारी ने अपने गीतों से और उनकी टीम द्वारा नृत्य व संगीत से आयोजन को यादगार बना दिया गया। संदीप ने बताया कोटा विधायक बनने के पश्चात अटल श्रीवास्तव के उपस्थिति में यह पहला होली का आयोजन था। होली की परंपरा कई वर्षों से चल रही है लेकिन विधायक के रूप में अटल श्रीवास्तव की उपस्थिति यादगार बन गई। कार्यक्रम में बेलगहना क्षेत्र के साथ-साथ कोटा और रनतपुर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि संदीप का यह आयोजन बहुत ही सफल आयोजन था। कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सभी यहां उपस्थित है। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पेण्ड्रा नगर पंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला पंचायत के सभापति जितेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चौहान, मनोज बाजपेयी, शिव बालक कौशिक, आनंद जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, कुकु साठे, पवन केशवानी, नितिन छाबरिया, अफजल खान, संजू चैहान, अभिषेक मिश्रा, शीतल जायसवाल, दाउसिंह, शिवनारायण, जगदेव वर्मन, लाला निर्मलकर, हैप्पी गुप्ता, उत्तम जायसवाल, कपील जायसवाल, शिवा पाण्डेय, भोला नवरंग, डा. केके राय आदि मौजूद थे।

## ग्राम बछेरा के लाभार्थी सम्मेलन राउत देवता पूजा में मोहले हुए शामिल

**मुंगेली।** ग्राम बछेरा में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन व राउत देवता पूजा में विशेष रूप से विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा पीएम मोदी के 10 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर हितग्राहियों, स्व सहायता समूह, कार्यकर्ता को मोदी की गारंटी योजना के बारे में जानकारी दिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा महतारी वंदन योजना, किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए मूल्य पर धान खरीदा। रमन सिंह का 2 वर्ष का बकाया राशि भी दिया। घर-घर नल जल योजना टेप नल के द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। बछेरा में आयोजित राउत देवता पूजा के अवसर में ग्रामवासियों व यादव भाइयों के साथ मिलकर विधायक पुन्नुलाल मोहले पूजा अर्चना किए एवं कार्यक्रम को पूर्ण किया। इस अवसर पर कोटूमल ददवानी, भाजपा महामंत्री, सर्वसेन श्रीवास समाज जिलाध्यक्ष मुंगेली डॉ. राजीव श्रीवास, मिठू यादव, सरपंच रजत साहू, श्रीमती सुमरित गीता, नंदनी पाण्डे, राजा साहू, रजवन यादव, संतोष पाण्डे, डॉ. माधव साहू, रवि साहू, बिन्नू पाण्डे, जनक तिवारी, भाउ श्रीवास, चंद्रेश यादव, युवा नेता ऋग्वेद खांडेकर, शन्तु दिवान, पंचू दिवान, महेतरु यादव, तेरस यादव, फोटा यादव, ननकू यादव, संगीता यादव, धाम बाई यादव, अनिता यादव, भीखम साहू, राजेन्द्र साहू, अशोक यादव, सुरेश साहू, जनपद सदस्य दिनेश शर्मा, सरपंच भटगांव अनिल साहू, जितेंद्र पाण्डे, संतोष ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मौत के 27 दिन बाद परिजन ने युवक का किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

27 दिन पहले युवक का शव जरौंधा बैठका रोड पर लटका हुआ मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर शव सिम्स मरच्यूरी में रख कर जांच की मांग कर रहे थे। जहां पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर नरेंद्र सिंह ठाकुर, पिता रामनारायण ठाकुर को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा के तहत जेल भेज दिया था। पुलिस विभाग द्वारा परिजन से लगातार संपर्क कर अंतिम संस्कार का प्रयास किया गया। अंततः परिजन ने 27 दिन बाद होली के दूसरे दिन शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेलसरी के युवक योगेश खाण्डेकर का शव जरौंधा के पास लटका हुआ मिला था। पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम कार्रवाई कर दो दिन पूर्व शव परिजन को सौंप दिया था। पुलिस की जांच से असंतुष्ट परिजनों ने शव को थाने में लाकर पांच घंटे तक आंदोलन किया और समझाइश के बाद परिजन शव को लेकर वापस चले गए थे। 1 मार्च को परिजन फिर से शव को बिलासपुर सिम्स ले गए और सिम्स के बाद बिलासपुर एसपी कार्यालय का घेराव किया। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने आश्वासन दिया था कि डाक्टरों की टीम बनाकर उचित जांच की जाएगी। पुलिस ने जांच में पाया था कि नरेंद्र सिंह ठाकुर, पिता रामनारायण ठाकुर से मोबाइल को लेकर योगेश खाण्डेकर से विवाद हुआ था। जिससे प्रताड़ित होकर योगेश खाण्डेकर ने फांसी लगाई थी। पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया था। इसके बाद भी परिजन को एक से अधिक आरोपी होने की मांग को लेकर शव को सिम्स मरच्यूरी से रख आए थे। 27 दिन बाद पुलिस ने जांच में सहयोग करने और घटना में अधिक आरोपी पाए जाने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर होली के दूसरे दिन परिजन ने शव का अंतिम संस्कार किया।

### माशिमं के 10वीं, 12वीं की 41 हजार कॉपियां जांचने का जिम्मा जिला शिक्षा विभाग को

**मुंगेली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल से पहली खेप में 10वीं, 12वीं की 41 हजार कॉपियां जांचने का जिम्मा जिला शिक्षा विभाग को मिला हैं। इनमें 10वीं के 25 हजार और 12वीं के 16 हजार कॉपी शामिल है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा खत्म होने के बाद 23 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्वामी आत्मानंद बीआरसाव स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। 10 कमरों में संचालित मूल्यांकन कार्य में 90 शिक्षक जुटे हुए है। आज तक 22 हजार 1 सौ कॉपियां जांची जा चुकी हैं। लगभग 18900 कापी शेष है। विद्युत व्यवधान होने के चलते कई बार मूल्यांकन कार्य में परेशानी हो जाती है।



मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष जेएस ध्रुव ने बताया कि एक शिक्षक को एक दिन में 40 कॉपियां जांचनी है, यह तय किया गया है। निर्देश है कि जिन विषयों में स्टेप बाई स्टेप उत्तर लिखा जाना है, बच्चों को उत्तर लिखने के प्रत्येक स्टेप के आधार अंक देने हैं। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के प्राचार्य पीसी दिव्य ने बताया कि प्रथम चरण में 10वीं, 12वीं के लगभग सभी विषयों के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूर्णता की ओर है। 14 अप्रैल से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हर साल माशिमं जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा के बीच से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करवा देता है। इस बार भी 23 मार्च से इसकी शुरूआत हो चुकी है। जिले में इसके लिए स्वामी आत्मानंद बीआरसाव स्कूल को केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केन्द्र में गोपनीयता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गौरतलब है कि माशिमं की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है।

## मृत्यु शाश्वत, भगवत चिंतन कर मुक्त होना ही परीक्षित ज्ञानः विनय

**सीपत।** श्रीमद्भागवत महापुराण में जीवों की मुक्ति के मार्ग बताए गए हैं। राजा परीक्षित जिनकी मृत्यु सुनिश्चित हो चुकी है सुकदेव महाराज से पूछ रहे हैं कि जो मृत्यु द्वार पर खड़ा हो उस जीव के क्या कर्तव्य है। महामुने सुकदेव राजा के इसी भय, चिंता, शोक को शमन करने हेतु श्रीमद्भागवत पुराण का विस्तार करते हैं।

कथा व्यास पं.विनय मिश्र कहते हैं भागवत कथा मनुष्य की चिंता, शोक आदि कष्टों से मुक्त कर देती है। मृत्यु परम सत्य शाश्वत है। परीक्षित की भांति इस शाश्वत ज्ञान का बोध कर सभी जीव भगवत चिंतन में लग जाएं। ग्राम नवागांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समारोह में व्यासपीठ पर आसीन पं.विनय मिश्र ने बताया कि जीव जन्म लेते ही प्रति क्षण मृत्यु की ओर अग्रसर है। इस बात को भली भांति जानकर अपने सभी कर्म ईश्वर को समर्पित करने से मन, वचन, कर्म और चित्त शुद्ध हो जाता है। और यही से ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता हैं। कथा में तिरुपति पाटनवार, बबिता पाटनवार, पदम साहू, मनहरण यादव, विजय मिश्र, खिलेश्वर साहू, वीरेंद्र गहवाई, क्षत्रपाल पाटनवार सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।



### आज आएंगे कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव

**मुंगेली।** बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव का 30 मार्च को मुंगेली कांग्रेस भवन पड़ाव चौक में आगमन होना है। जिसकी तैयारी में कांग्रेसजन जुटे हुए है। देवेंद्र यादव का बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रथम बार मुंगेली आगमन हो रहा है। बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का स्वागत करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## आत्मानंद स्कूल में नीलगिरी के पेड़ों को कटवाया

**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल पेंड्रा में नियमों को ताक में रखकर नीलगिरी क़े पेड़ों को कटवाने का मामला सामने आया है। यहां स्कूल परिसर में लगे नीलगिरी के पेड़ों को प्रिंसिपल ने आज स्कूल की छुट्टी में कटवा दिया।





मामले की जानकारी लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह, भाजपा नेता राकेश चतुर्वेदी, मनीष श्रीवास और पूर्व छात्र स्कूल पहुंच गए और उन्होंने पेड़ों की कटाई को रुकवा दिया। पेड़ काटने वाले रोहित राम चौधरी ने बताया कि उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल एलपी डाहीरे से 4000 रुपए प्रति पेड़ क़े हिसाब से पेड़ काटने की बात की है, और इसी हिसाब से उन्होंने प्रिंसिपल को भुगतान भी कर दिया है। प्रिंसिपल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने पेड़ नहीं कटवाया है, एसडीएम पेंड्रारोड के आदेश से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल परिसर में जीर्ण शीर्ण हो चुके नीलगिरी क़े पेड़ काटे जा रहे है। पड़ताल करने पर पता चला कि एसडीएम ने स्कूल परिसर में लगे जीर्ण शीर्ण पेड़ों को काटने का वन विभाग को आदेश दिया था, लेकिन प्रिंसिपल ने पैसा लेकर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम क़े निजी व्यक्ति द्वारा जीर्ण शीर्ण पेड़ों क़े साथ ही हरे भरे पेड़ों को भी कटवा दिया। हालांकि प्रिंसिपल एलपी डाहिरे ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

### जिला साहू संघ 6 अप्रैल को मनाएगा कर्मा जयंती

**पेंड्रा।** तहसील साहू संघ द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम शिवम राइस मिल पेंड्रा में रखा गया। इस मौके पर 6 अप्रैल को तहसील कोटमी में कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में रमेश साहू, आनंद साहू, सौरभ साहू, कोटमी तहसील अध्यक्ष कृष्णकुमार साहू, संरक्षक अशोक साहू, अंजनी, विजय, सुरेश, विश्वनाथ, विनय, सुमित, मनोज गुप्ता, बहादुर साहू, कुमलेश, गणेश, कमल, नीलू, ओमप्रकाश, युवराज, बजरंग, संतोष, हरिकिशन दीप, मुन्ना, अशोक, ललित, रूपचंद्र, रमेश आदि मौजूद थे।



## निधन

### रमेश कुमार गुरबानी



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी निवासी रमेश कुमार गुरबानी का 29 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झू ले ला ल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में किया गया। वे मनीष, अमित गुरबानी के पिता थे।

### पार्वती बत्रा



**बिलासपुर।** चाटीडीह निवासी पार्वती बत्रा का 29 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बिलंद राय बत्रा की पत्नी व महेश, सुरेश बत्रा की मां और कृष्णा बत्रा की दादी थीं।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24
ग्राम भथरी प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा ग्रामवासी ग्राम भथरी वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक छवि पटेल पिता/पति स्व. अशोक पटेल जाति मरार निवासी ग्राम भथरी तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व. अशोक पटेल के मृत्यु दिनांक 16.09.2006 को ग्राम पंचायत भथरी में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15.04.2024 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी राजस्व**

संदर्भः- जिला बिलासपुर तहसील -बिलासपुर प.ह.नं. 00043 देवरीखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202324400109400018

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 00043 के अंतर्गत ग्राम देवरीखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी दीनदयाल परधान पिता मयाराम परधान पिता/पति-पता-सा तोरवा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 51/15 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवराज परधान, गनराज परधान पिता/पति-दीनदयाल परधान पता-बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को काई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.03.2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी राजस्व**

संदर्भः- जिला बिलासपुर तहसील -बिलासपुर प.ह.नं. 00043 देवरीखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202324400109400020

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 00043 के अंतर्गत ग्राम देवरीखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी दीनदयाल प्रधान पिता/पति-पिता मयाराम प्रधान पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 52/15 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गनराज परधान, देवराज परधान पिता/पति-दीनदयाल परधान पता-बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को काई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.03.2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार गोपाल प्रसाद पाण्डेय एवं रमेश कुमार पाण्डेय दोनो पिता स्व. रामायण लाल पाण्डेय, दोनो निवासी-बड़ी कोनी, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्दिष्ट होकर आम सूचना का प्रकाशन करती हूं कृपया अवगत हो एवं तद्नुसार व्यवहार करें।

यह कि मेरे पक्षकारगण के हक एवं स्वामित्व की भूमि मौजा- कोनी, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं., तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 359/2 रकबा 2.86 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखो में उनके नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकारगण और आशीष मिश्रा उम्र 40 वर्ष पिता श्री रामचंद्र मिश्रा, निवासी- कोनी, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के मध्य बिक्री इकरारनामा दिनांक 25.02.2021 को निष्पादित हुआ था। आशीष मिश्रा के द्वारा इकरारनामा की शर्तो का तय समय सीमा के भीतर पालन नहीं किये जाने के कारण दिनांक 10.03.2024 को पंजीकृत डाक से प्रेषित सूचना के माध्यम से इकरारनामा दिनांक 25.02.2021 को निरस्त हो चुका है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय उपरोक्त इकरारनामा दिनांक 25.02.2021 के आधार पर आशीष मिश्रा से कोई भी संव्यवहार न करें। यदि कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह इकरारनामा निरस्तीकरण के प्रभाव में अकृत एवं शून्य माना जावेगा।

अस्तु सूचना से अवगत हो।

दिनांक : 29.03.2024
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
( शिवांगी अग्रवाल) अधिवक्ता
कार्यालय-विनय कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता, राजस्व कॉलोनी सरकंडा, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 8305728002

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेश्वर प्रसाद पाण्डेय पिता श्री स्व. नारायण प्रसाद पाण्डेय निवासी रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम पर नाम से ग्राम कोनी प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. व तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर में खसरा 366/41 रकबा 0.05 ए. पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री विनायक गुप्ता पिता श्री किर्तन-प्रसाद गुप्ता निवासी जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें। दिनांक : 30/03/24

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता/ नोटरी**
**नया सरकण्डा, बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9827173623**
**क्रेता 9770111139**

**कार्यालय रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सीमांकन सूचना //**

प्रति,
भुपेन्द्र देवांगन व दुर्गा प्रसाद .......आवेदक
1. दुर्गा गढ़ेवाल
2. संतोष पाटले
3. राजकुमारी तिवारी

विषय :- सीमांकन/बटांकन मे उपस्थित रहने बावत ।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ अति.तह./ना.तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 27/02/2024 संदर्भीत विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन मे ग्राम अमेरी प.ह.न. 43.रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा न. 233/28 रकबा 0.0094 हेक्टेयर भूमि स्वामी भुपेन्द्र देवांगन पिता/पति दुर्गा प्रसाद निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है । उक्त भुमि का सीमांकन /बटांकन दिनांक 30/03/2024 शनिवार को लगभग 10:00 बजे से 5:00 बजे किया जावेगा ।

अतः आप अन्य भूमि सम्बंधी दस्तावेज के साथ नियत तिथी एवम समय पर उपस्थित रहेंगे। अनुपस्थिति की दशा मे आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सुचना जाने ।

टीपः- विषेश परिस्थिति मे अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/बटांकन तिथी मे परिवर्तन किया जा सकता हैं ।

**राजस्व निरीक्षक सकरी तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**



# 'द फॉरगॉटन आर्मी' के लिए शाहरुख ने नहीं लिए थे पैसे

**मुंबई।** फिल्ममेकर कबीर खान इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड किंग शाहरुख खान को याद करते हुए उनकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि शाहरुख ने उनकी वेब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' में बिना किसी फीस के वॉयसओवर करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा डर के साथ शाहरुख के पास ये ऑफर लेकर पहुंचे थे और उन्होंने तुरंत हां कह दिया। कबीर खान ने कहा, 'जब मैंने द फॉरगॉटन आर्मी बनाई थी और जिन्होंने इसे देखा है। हर एपिसोड से पहले 30 सेकंड का एक परिचय होता है, जिसमें एक वॉयसओवर होता है। वो आपको उस एपिसोड के बारे में बताता है।

लाइफ Style

# अनन्या पांडे



धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर-2' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या पांडे आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। कुछ सालों पहले अनन्या पांडे को उनकी एक्टिंग और बोलचाल के स्टाइल के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब समय के साथ उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स में काफी इम्प्रूव किया।

## सुहाना और अगस्त्य को दी नसीहत

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी लास्ट रिलीज फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए उन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अनन्या इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर संग अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में अनन्या पांडे ने नेहा धूपिया के शो में अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले, लेकिन साथ ही उन्होंने शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को एक बड़ी सलाह दी। नेहा धूपिया हर साल की तरह एक बार फिर से अपने चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' के साथ लौट आई हैं। उनके इस शो पर खास मेहमान बनीं 'गहराइयां' एक्ट्रेस अनन्या पांडे। इस दौरान नेहा से बातचीत करते हुए अनन्या ने बताया कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर उनकी फैमिली की तरह है।

इस बातचीत में जब नेहा ने उनसे अपने दोस्तों को सलाह देने के लिए कहा, तो अनन्या ने सबसे पहले शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान को एडवाइज दी। उन्होंने सुहाना को सलाह देते हुए कहा कि हर चीज को अपने दिल पर लगाने की जरूरत नहीं है। अनन्या पांडे ने शनाया को तो नहीं, लेकिन अमिताभ बच्चन के नाती और कथित तौर पर सुहाना खान के ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को सलाह दे दी।

हॉलीवुड मसाला



# स्क्रीनिंग में छाई 'द फर्स्ट ओमन'

**लॉस एंजिलिस।** हॉरर फ्रेंचाइजी द ओमन की अगली फिल्म द फर्स्ट ओमन सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज से पहले बुधवार को 20th सेंचुकी स्टूडियोज ने लॉस एंजिलिस में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी, जिसमें फिल्म से जुड़े लोग भी शामिल हुए।फिल्म देखकर दर्शकों की शानदार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। 5 अप्रैल को रिलीज हो रही द फर्स्ट ओमन द ओमन की प्रीक्वल फिल्म है। फिल्म देखने के बाद ऑडिएंस ने अपनी प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर लिखी हैं। कई लोगों को फिल्म की सिनेमैटोग्राफी काफी पसंद आई।

# एना की फिल्म के सीक्वल का ऐलान



**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। फिल्म में एना स्टेफनी स्मोदर्स का किरदार निभाती हैं, जबकि लाइवली का किरदार एमिली नेल्सन का है। दूसरे भाग में एमिली की शादी दिखाई जाएगी, जो इटली के एक अमीर बिजनेसमैन से कैपरी में हो रही है। हालांकि, इसमें ट्विस्ट आएगा। शादी में जगमगाते मेहमानों के साथ एक कत्ल और धोखे की भी तैयारी है। फिल्म की शूटिंग गर्मियों के बाद शुरू होगी और प्राइम वीडियो पर रिलीज की जाएगी।



# शादी के बाद शेयर कीं पहली तस्वीर

**मुंबई।** तापसी पन्नू पिछले कुछ दिनों से अपनी गुपचुप शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एक्ट्रेस ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ गुपचुप तरीके से शादी की है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस पर कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन फैंस को यकीन है कि एक्ट्रेस अब सिंगल नहीं हैं और इसी चर्चा के बीच, उन्होंने शुक्रवार को कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी रिंग देखकर कई लोग बातें कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें, तो ये फोटो तापसी ने शादी के बाद पहली बार शेयर की है। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी अनोखी साड़ी दिखाते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्हें फ्लेयर्ड पैंट और पीले और काले रंग की साड़ी के साथ काले रंग का लंबा कोट पहने देखा जा सकता है। उन्होंने अपने लुक को बंधे बालों और हील्स से पूरा किया है। फोटोज में, हम उनकी उंगली पर एक अंगूठी देख सकते हैं, जो फैंस का ध्यान खींच रही है कि क्या उन्होंने मैथियास बो से शादी कर ली है।

# सलमान के कहने पर साइन की थी न्यूयॉर्क

**मुंबई।** कबीर खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर फिल्ममेकर हैं। कबीर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और उनके साथ कई स्टार्स काम कर चुके हैं। बता दें कि कबीर की फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना कैफ ने काम किया था। आदित्य चोपड़ा ने कबीर को कटरीना की सलाह दी थी। हालांकि कटरीना उस वक्त फिल्म करने के लिए तैयार नहीं थी। हालांकि फिर सलमान खान ने कटरीना को इस फिल्म के लिए मनाया। कबीर ने दोनों का किस्सा शेयर किया है।





## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के बजरंग चौक के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की सिम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिम्स से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान शुरू कर दी। इसी दौरान युवक के परिजन उसे खोजते हुए थाने आए। पहचान के बाद युवक का पीएम कराया गया है। सरकंडा पुलिस को सिम्स से सूचना मिली कि बजरंग चौक के पास सड़क हादसे में घायल युवक को मंगलवार की रात सिम्स में भर्ती कराया गया। सिम्स में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस ने शव चीरघर में रखवा दिया। इसके बाद युवक की पहचान की कोशिश शुरू कर दी गई। पुलिस ने युवक की तस्वीर आसपास के थानों में भेज दी। इसी बीच शुक्रवार को सीपत में रहने वाले कुछ लोग सरकंडा थाने आए। उन्होंने मृतक की पहचान सीपत क्षेत्र के टेकर निवासी लक्ष्मी सूर्यवंशी 49 वर्ष के रूप में की। पहचान के बाद पुलिस ने शव का पीएम कराया है। पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### दुकान संचालक ने युवक के गले में अड़ाया गंडासा

**बिलासपुर।** नारियल पानी पीने के दौरान 10 रूपए को लेकर विवाद के दौरान सीपत के नवाडीह चौक पर नारियल बेचने वाले ने युवक की पिटाई कर उसके गले में गंडासा अड़ा दिया। मारपीट से घायल ने घटना की शिकायत सीपत थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सीपत क्षेत्र के खम्हरिया में रहने वाले देवेश शर्मा ने मारपीट की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वे अपने काम से सीपत आए थे। दोपहर करीब दो बजे नवाडीह चौक के पास फल दुकान के पास रुके। उन्होंने दुकान संचालक को नारियल पानी पिलाने के लिए कहा। दुकान संचालक ने इसके लिए 60 रुपए मांगे। युवक ने 50 रुपए में नारियल पानी मांगा। इस पर दुकान संचालक ने उन्हें नारियल पानी पिलाया। इसके बाद युवक ने दुकान संचालक को 100 रुपए का नोट दिया। दुकान संचालक ने 60 रुपए काट लिए। इसका विरोध करने पर दुकान संचालक ने युवक की पिटाई कर दी। साथ ही उसके गले में नारियल काटने वाला गंडासा अड़ा दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल युवक ने घटना की शिकायत सीपत थाने में की है। इस पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### वैकल्पिक दस्तावेज से कर सकेंगे मतदान

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड आदि दिखाकर वोट दे सकेंगे।

# प्री वेडिंग फोटो शूट कराने के बहाने स्टार होटल में बुलाया और कैमरा लेकर भाग गया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टार होटल में प्री वेडिंग फोटो शूट कराने के बहाने बुलाकर कैमरा चोरी करने का मामला सामने आया है। फोटोग्राफर ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। तोरवा क्षेत्र के राधा कृष्णा मंदिर के पास रहने वाले मुकेश मेहेर फोटोग्राफर हैं।

■ फोटोग्राफर को चाय नाश्ता करने के बहाने बाहर भेजा

उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार की सुबह वे घर पर ही थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने उन्हें अपना नाम वासू बताया। उसने अपनी दीदी और होने वाले जीजा का प्री वेडिंग फोटो शूट करने की बात कही। इस पर फोटोग्राफर ने अपने मेहनताने की बात की। सौदा होने पर वासू ने फोटो ग्राफर को होटल कोटयार्ड मैरियट में बुलाया। उसने अपने मोबाइल से लोकेशन भी भेजा। फोटोग्राफर अपना कैमरा और अन्य सामान लेकर होटल पहुंच गए। युवक ने होटल में कमरा दिखाया। इसके बाद उसने दीदी के तैयार होने की बात कहते हुए फोटोग्राफर को चाय नाश्ता करने के लिए कहा। इस पर फोटोग्राफर अपना कैमरा और अन्य सामान होटल के ही सोफे पर रखकर नाश्ता करते हुए चाय पीने लगा। इसी बीच युवक अपने परिवार वालों से मिलकर आने की बात कहते हुए होटल से निकल गया। चाय नाश्ता करने के बाद फोटोग्राफर ने देखा की उनका कैमरा और अन्य सामान गायब है। उन्होंने होटल स्टाफ से पूछताछ की। साथ ही युवक के संबंध में जानकारी जुटाई। होटल स्टाफ ने युवक के संबंध में जानकारी होने से इनकार किया। साथ ही उन्हें होटल का सीसीटीवी फुटेज दिखाया। इसमें युवक सोफे से कैमरा और अन्य सामान लेकर जाते हुए दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही उसके कार का नंबर भी सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट है। फोटोग्राफर ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# होली मनाने गांव गई महिला के मकान में चोरी बेटे ने चोरों को खोजकर पुलिस को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र के अमरी में सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने घरेलू सामान और नकद पार कर दिया। इस दौरान महिला अपने बेटों को लेकर पैतृक गांव होली मनाने के लिए गई थी। पड़ोसियों की सूचना पर महिला लौटकर आई। उसके बेटे ने गांव में पूछताछ की तो पता चला कि मोहल्ले के ही युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। महिला ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर संदेहियों की तलाश शुरू कर दी है।

सकरी क्षेत्र के अमेरी बगीचापारा में रहने वाली प्रमीला यादव ने चोरी की शिकायत की है। महिला ने बताया कि रविवार की दोपहर वह अपने बेटों के साथ होली मनाने के लिए पैतृक गांव गई थी। उनकी बेटी भी अपने पति के साथ ससुराल चली गई थी। बुधवार को पड़ोस में रहने वाले युवक ने फोन कर बताया कि उनके मकान का ताला टूटा है। इस पर महिला अपने बेटों के साथ घर लौटकर आई। दरवाजा खोलकर वे अंदर गई तो सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने टीवी, नकद रुपए, बेटी के मकान से गैस सिलिंडर और टीवी पार कर दिया था। उनके बेटे शिवशंकर ने मोहल्ले में पूछताछ की तो पता चला कि रवि कस्तुरिया, राजेंद्र यादव, आशु यादव ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। महिला ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### बाइक में भूली चाबी, घर के बारह से हो गई पार

काम से घर लौटकर युवक ने बाइक घर के पास खड़ी की गलती से वो चाबी निकालना भूल गया, आधे घंटे बाद वापस बाहर निकलकर देखा तो उसकी बाइक चोरी हो गई थी। जिसके बाद युवक ने थाना पहुंच इसकी शिकायत की है। करबला रोड कोदू चौक हनुमान मंदिर के पास रहने वाला युवक प्रकाश श्रीवास कोटा गया था। यहां से शाम 7 बजे स्पलेंडर प्रो मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 वाए 1928 से वापस घर लौटा और बाहर में बाइक खड़ी की। इस दौरान वो चाबी निकालना भूल गयाा। 7:30 बजे जब वो घर से बाहर निकलकर देखा तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। युवक ने सरकंडा थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

### बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने का मिला आश्वासन

# मान गए कौशिक, अनशन खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 3 दिनों से अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक ने अपना अनशन खत्म कर दिया है। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने उन्हें पानी और जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया। इससे पहले जगदीश कौशिक की पत्नी अपने दो बेटों को लेकर अनशन करने पहुंच गई थीं। इस दौरान उन्होंने यह भी चेतावनी दे डाली थी कि अगर मेरे पति को कुछ होता है, तो इसके लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार होगी। इसके बाद कांग्रेस नेता सक्रिय हुए और जगदीश कौशिक को तमाम तरह के आश्वासन दिए गए। कहा तो यह भी जा रहा है कि 12 अप्रैल को लोकसभा के लिए नामांकन शुरू होने से पहले उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही गई है। इसके बाद ही कौशिक ने अनशन खत्म किया है। कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक के अनशन तोड़ने की खबर मिलते ही लोकसभा प्रत्याशी और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव भी समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन पहुंचे। उन्होंने भी जूस मंगाकर कौशिक को पिलाया। इस दौरान देवेंद्र यादव ने कौशिक से बातचीत की और चुनाव में सहयोग मांगा।

■ कौशिक की पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर पहुंच गई थी धरना स्थल

कांग्रेस ने बिलासपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाया है, जिसके बाद यहां विरोध शुरू हो गया है। बोदरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कौशिक ने बुधवार सुबह 10 बजे से कांग्रेस भवन के सामने आमरण शुरू किया था। वे पिछले 3 दिनों से कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठे थे। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विजय पांडेय और ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी पहले दिन से ही उन्हें मनाने की कोशिश में लगे थे। हालांकि जगदीश कौशिक अपनी मांग पूरी होने पर ही अनशन खत्म करने पर अड़े रहे। बुधवार को भी कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव समेत कुछ कांग्रेसी नेता उन्हें मनाने पहुंचे थे, लेकिन वे नहीं माने।



अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक को पानी और जूस पिलाते कांग्रेस के लोस प्रत्याशी देवेंद्र यादव।

### रास्ते से परिवार के साथ लौटे केशरवानी

कौशिक परिवार के धरने पर बैठने की खबर मिलने के साथ ही कांग्रेस में एकतरफ से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी आनन-फानन में कांग्रेस भवन पहुंचे। वे परिवार के साथ रायपुर एयरपोर्ट जा रहे थे, लेकिन उन्हें रास्ते से ही लौटना पड़ा। इस बीच वरिष्ठ नेताओं ने कौशिक को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। अगर टिकट नहीं दिया गया, तो जगदीश कौशिक को दूसरी जिम्मेदारी देने की भी बात कही गई है। इसी के बाद उन्होंने अनशन खत्म करने की सहमति दी।

### बच्चों के साथ पत्नी भी बैठीं धरने पर

शुक्रवार की सुबह जगदीश कौशिक की पत्नी अपने दो बेटों को लेकर कांग्रेस भवन पहुंच गई। उन्होंने भी बेटों के साथ अनशन की चेतावनी दी और कांग्रेस भवन के सामने ही बैठ गईं। उन्होंने कहा कि मेरे पति लगातार कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें टिकट मिलना चाहिए। उनकी मांग पूरी होने तक वह भी अपने बच्चों के साथ अनशन पर रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पति को कुछ होता है, तो कांग्रेस पार्टी ही जिम्मेदार होगी।

### हाईकमान को दी गई सूचना

जगदीश कौशिक कांग्रेस पार्टी के समर्थित और वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में काम करने की बात कही है। उनकी बात और मांग को हाईकमान तक पहुंचा दिया गया है। हाईकमान जो फैसला करेगा वो मान्य होगा।

**- विजय केशरवानी,**
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इस बार मतदान : तोखन



सांसद प्रत्याशी तोखन साहू शुक्रवार को बिल्हा विधानसभा के सरगांव और पथरिया नगर में घर - घर पहुंच कर अपने पक्ष में मतदान करने निवेदन किया। सरगांव में तोखन साहू के स्वागत और सम्मान में जगह -जगह फूलों की वर्षा और आरती की थाली सजाकर अभिनंदन किया गया। सरगांव और पथरियां की जनसंपर्क अभियान विशाल रैली का स्वरूप ले लिया था । इस दौरान तोखन साहू ने जनता से कहा कि हमारे नेता नरेन्द्र मोदी का संकल्प देश को विकसित राष्ट्र बनाने का है, आप मुझे मतदान कर विकसित भारत अभियान का अम्बेडकर बनें और प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को वास्तविकता में तब्दील करने में सहभागी बनें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकसभा प्रभारी सिया राम साहू, पूर्व मस्तूरी विधायक कृष्ण मूर्ति बांधी, डॉ देवेन्द्र कौशिक, अम्बालिका साहू, परमानंद साहू सहित सरगांव और पथरियां के भाजपा संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर जाकर मिले कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र



बिलासपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को शहर के वरिष्ठ कांग्रेस जनों तथा कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर भेंट मुलाकात की । नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन के निवास पर उन्होंने तालापारा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। सभापति शेख नजीरुद्दीन ने कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव को आश्वस्त किया है कि बिलासपुर लोकसभा से देवेंद्र यादव के उम्मीदवार बनने से युवाओं में काफी उत्साह आया है । एनएसयूआई तथा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा आ गई है। युवाओं में जोश भर दिया है, इसका असर लोकसभा चुनाव में दिखेगा। तालापारा क्षेत्र में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की एक की एक बड़ी बैठक को लेकर रणनीति बनाई गई। तालापारा क्षेत्र में कांग्रेस जनों से मुलाकात कर देवेंद्र यादव ने कहां है कि सभी के सहयोग से यह चुनाव जीतना है और वे यहां चुनाव जीतने के लिए आए हैं और यही मेरी कर्मभूमि होगी। देवेंद्र यादव ने कहा है कि वह चुनाव लड़ने के लिए नहीं आए हैं ,अब वह इस चुनाव के माध्यम से यही स्थापित होंगे। सभापति शेख नजीरुद्दीन के निवास में महेंद्र गंगोत्री, महेंद्र गंगोत्री, सुधांशु मिश्रा, अमित दुबे सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, गौरव दुबे अर्पित केसरवानी, सुधीर पटेल, लकी मिश्रा, अर्जुन सिंह, अनस खोखर, आदिल खैरानी, रोशन राय के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे ।

# लगातार तीन दिन रहेगा अवकाश, पंजीयन कार्यालय में नहीं रुकेगी जमीन रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार से रविवार तक लगातार तीन दिनों शासकीय अवकाश पड़ रहा है, लेकिन इन अवकाश के दिनों में भी जमीन रजिस्ट्री का कार्य नहीं रूकेगा और पंजीयन कार्यालय खुला रहेगा। शुक्रवार को अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा जिससे जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़भाड़ रही।

चालू वित्तीय वर्ष का आखिरी माह मार्च समाप्ति की ओर है, इसलिए पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ अब बढ़ने लगी है। गुरूवार को 173 रजिस्ट्री हुई थी और रात 7 बजे तक जमीन रजिस्ट्री का कार्य चलता रहा। इन रजिसट्रियों से एक ही दिन में पंजीयन कार्यालय को 2 करोड़ 24 लाख 21 हजार से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इधर तीन दिनों लगातार शासकीय अवकाश पड़ रहा है। शुक्रवार को गुड फ्राई-डे और उसके बाद शनिवार-रविवार पड़ रहा है। लेकिन पंजीयन कार्यालय में तीनों दिन कामकाज चलता रहेगा। शुक्रवार को भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा और जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़भाड़ रही और रात तक रजिस्ट्री कार्य चला। यहां तक पुराने कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में भी पंजीयन कार्यालय खुला रहने से सामान्य दिनों की तरह चहल-पहल दिखाई दी और परिसर बाहर स्टैंड में वाहनों की लाइन लगी थी। स्टांप वेंडर, दस्तावेज लेखकों के काउंटर भी खुले रहे और पक्षकार वहां पर अपने दस्तावेज तैयार करवाने में लगे रहे।



# पीएससी कोचिंग करने वाले छात्र को युवकों ने पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दोस्त को उसके हॉस्टल छोड़ लौट रहे पीएससी कोचिंग करने वाले छात्र को रात में सड़क पर युवक ने पहले थप्पड़ मारा फिर विवाद करते हुए उसकी पिटाई कर दी। युवक भागकर अपने दोस्त के हॉस्टल पहुंचा तो वहां भी कुछ युवकों ने घेर लिया और दोबार क्षेत्र में दिखने पर जान से मारने की धमकी दी।

■ दोस्त को हॉस्टल छोड़ वापस लौट रहा था युवक

इस घटना के बाद डरा सहमा छात्र थाने पहुंच मामले की शिकायत दर्ज कराई है। दयालबंद नारियल कोठी के हॉस्टल में रहने वाला आशीष प्रधान 28 वर्ष पीएससी का कोचिंग कराता है। गुरूवार की रात 8 बजे आशीष अपने दोस्त राजू भोई को उसके हॉस्टल छोड़ने गया था। वापसी के दौरान समृद्धि किराना स्टोर के पास सड़क पर एक युवक ने पीछे से झापड़ मार दिया। जिसके बाद आशीष ने गाड़ी रोक दी। कारण पूछने पर युवक ने हाथ मुक्का और डंडा से उसकी पिटाई कर दी। जान बचाने के लिए आशीष भगकर अपने दोस्त आशीष के हॉस्टल पहुंचा इस दौरान उसके दोस्त के रूक के सामने शिल्पी घोरे पहुंच गया। उसने कहा कि तुम मेरे भतीजे के साथ मारपीट किए हो और उसने भी युवक की पिटाई कर दी। साथ ही क्षेत्र में दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी।

मारपीट में युवक के सिर के पीछे, गला और बाए पैर में चोट आई। युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।




### नवधा रामायण आज से, निकलेगी कलश यात्रा

**बिलासपुर।** बीआर यादव नगर बहतराई में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 30 मार्च से 8 अप्रैल तक किया जा रहा है। इसमें आचार्य पं. मनोज कुमार चौबे बिरकोना वाले, कथावाचक पं. सुरेश्वर महाराज होंगे। पहले दिन कलश यात्रा ज्योति प्रज्वलन के साथ शाम 7 बजे से कथा आरंभ होगी। इसका समापन 8 अप्रैल को होगा। मानस गायन प्रतियोगिता रात 9 बजे से होगी। 9 अप्रैल को हवन, कपिल तर्पण, सहस्त्रधारा, कुंवारी भोज, ब्राह्मण भोज एवं विसर्जन होगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सरकंडा में बलवा, भतीजे को बचाने आई महिला को युवकों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवकों द्वारा भतीजे के साथ मारपीट करते देख महिला बचाने पहुंची तो 5-6 युवक गैंग भतीजे को छोड़ महिला को ही पीटने लगे। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एम्बुलेंस से उसे अस्पातल में भर्ती कराया गया। दो दिन बाद महिला सरकंडा थाना पहुंचकर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने बलवा सहित मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है।



सरकंडा थाना क्षेत्र के महामाया आईटीआई गेट के पास अशोक नगर निवासी जमुना साहू 50 वर्ष रोजी मजदूरी करती है। महिला ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च की शाम करीब 4:30 बजे होली खेलने के बाद दौना साहू का बेटा शनि साहू, संतोष उर्फ डैनी साहू के घर के सामने बरगद के पेड़ के नीचे अपने अन्य दोस्तों के साथ बैठा था, उसी समय मार्टिन और उसके 5-6 साथी आए और शनि के साथ मारपीट कर रहे थे।

इसे देखकर वह अपनी डेढ़सास के साथ बीच बचाव करने गई, तो उन लोगों ने शनि को छोड़ उसके साथ मारपीट की। मारपीट देख आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

महिला ने अस्पताल से आने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने 147, 294, 323 और 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




